ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 14-06-2022

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-06-14 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-06-15	2022-06-16	2022-06-17	2022-06-18	2022-06-19
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	5.0	5.0	1.0
अधिकतम तापमान(से.)	41.0	39.0	39.0	38.0	38.0
न्यूनतम तापमान(से.)	25.0	25.0	22.0	22.0	20.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	60	65	70	75	70
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	30	35	35	30
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	14.0	14.0	14.0	14.0	12.0
पवन दिशा (डिग्री)	270	120	120	70	270
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	2	4	2	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (7 - 13 जून , 2022) में 0.0 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहा तथा कहीं-कहीं बादल छाये रहें। अधिकतम तापमान 39.0 से 41.2 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 26.4 से 28.4 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 55 से 71 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 22 से 38 प्रतिशत एवं हवा 4.8 से 6.7 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम, पश्चिम-उत्तर-पश्चिम, पूर्व-उत्तर-पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली| आगामी पांच दिनों में, 16 से 18 जून को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी व हल्की वर्षा होने की सम्भावना है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 38.0 से 41.0 व 20.0 से 25.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 12.0-14.0 किमी/घंटे की गति से पश्चिम, पूर्व-दक्षिण-पूर्व व पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 19 से 25 जून के दौरान राज्य में वर्षा, अधिकतम व न्यूनतम तापमान समान्य रहने का अनुमान हैं। चेतावनीः 15 जून को कहीं-कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने/तीव्र बौछारें और तेज हवा/आंधी (50-60 किमी प्रति घंटे से 70 किमी प्रति घंटे की गति) तथा 16 व 17 जून को कहीं-कहीं पर तेज हवाएं (40-50 किमी प्रति घंटे) चलने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| धान की पौधशाला हेतु दोमट, उपजाऊ सिंचित भूमि, जहाँ जल निकास की समुचित व्यवस्था हो, का ही चुनाव करें। अगर सूखी विधि से धान की पौध तैयार करनी हो तो हल्की भूमि का चुनाव करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 16 से 18 जून को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी व हल्की वर्षा होने की सम्भावना है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	धान की जलदी पकने वाली बौनी किस्मों- गोविन्द, नरेन्द्र-118, नरेन्द्र-97, साकेत-4, पंत संकर धान-1 आदि की पौध 20 जून तक डाल लें। बसमती एवं सुगधित धान की किस्मों- टाइप 3, तरावड़ी बासमती, पूसा बासमती-1, बासमती-370, पंत सुगन्ध धान 15, पंत सुगन्ध धान-17, पंत सुगनध धान- 21, पूसा सुगन्ध 2, पूसा सुगन्ध-3, पूसा सुगन्ध-4 पूसा-1121, पूसा सुगन्ध-5, पी0आर0एच-10 आदि की पौध 15 जून से 30 जून तक डाले।
मूँगफली	मूंगफली की उन्नतशील प्रजातियों- टा0 64, चन्द्रा, कौशल, प्रकाश, अम्बर आदि की बुवाई जून के दूसरे पखवाड़े में करे। बीज दर 60-70 कि0 ग्रा0/है0 रखें। पंक्तियों से पंक्तियों की दूरी 30-45 सेमी तथा पौधे से पौधे की दूरी 10-20 सेमी रखें। उर्वरको में नत्रजन 20 किग्रा0, फास्फोरस 40 किग्रा0 और पोटाश 45 किग्रा0/है0 तथा 200 किग्रा0 जिप्सम व 4 किग्रा0 बोरेक्स का प्रयोग करे।
मूँग	मूँग की फसल को पकते ही काट लें। कटाई में विलम्ब न करें अन्यथा दाने फलियों के चटकने से जमीन पर गिरते हैं। मूंग की 80 प्रतिशत फलियों के पकते ही, फलियों की तोड़ाई करके, हरे पौधों को खेत में ही हरी खाद के रूप में पलट दें।
काला चना	उर्द की फसल को पकते ही काट लें। कटाई में विलम्ब न करें अन्यथा दाने फलियों के चटकने से जमीन पर गिरते हैं। उर्द की 80 प्रतिशत फलियों के पकते ही, फलियों की तोड़ाई करके, हरे पौधों को खेत में ही हरी खाद के रूप में पलट दें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
कद्दू	कद्दु वर्गीय फसलों में बेल सूखने की समस्या के नियंत्रण हेतु सूखे हुए बेल को काटकर नष्ट कर दें तथा जड़ों की कार्बेन्डाजिम 0.1 प्रतिशत (1 ग्राम प्रति लीटर) की दर से घोल बनाकर सिंचाई करें।
मिर्च	मिर्च की फसल में ऊपर से डन्ठल काले पड़कर सूखने की समस्या की निदान हेतु संक्रमित शाखाओं को तोड़कर हटा दें एवं कार्बेन्डाजिम का 0.1 प्रतिशत की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
टमाटर	टमाटर में फल बेधक का प्रकोप होने पर, क्लोरान्ट्रा निलिप्रोले 18.5 एस0सी0, 150मि0ली0/है0 के छिड़काव के तीन दिन बाद या इन्डोक्साकार्ज 14.5 एस0सी0, 500मि0ली0/है0 की दर से छिड़काव के पाँच दिन बाद ही फल का उपयोग करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशुओं को टिटनेस, इंन्ट्रो टॉक्सिमिया तथा गलघोंटूघों टूके टीके लगवायें। अधिक गर्मी के कारण पशु ज्यादा चारा नहीं खाता, अतः उसे इस महीने दाने की मात्रा बढ़ाकर दें तथा खनिज मिश्रण लगभग 50 ग्राम प्रतिदिन देते रहने से प्रजनन प्रभावित नहीं होता है।
भेंस	दो से चार माह के उम्र के पशुओं को लंगड़ी बुखार का टीकाकरण करवाना चाहिए।